सार-समाचार

कोटा डोरिया पर दो दिन प्रदर्शनी

कोटा, (निसं)। राव माधव सिंह म्यूजियम ट्रस्ट सिटी पैलेस (गढ़), कोटा द्वारा प्रथम बार कोटा डोरिया वस्त्र निर्माण कला को प्रोत्साहन देने के लिए कोटा डोरिया पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 14 व 15 जनवरी को किया जा रहा है, इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में दर्शक कोटा डोरिया वस्त्र निर्माण की कला को प्रत्यक्ष रूप से देख व जान सकेंगे, उसके निर्माण की बारीकियों को ख्याति नाम कारीगरों से समझ सकेंगे। कोटा डोरिया वस्त्र का प्रादुर्भाव 17वीं शताब्दी में कोटा राज्य के चतुर्थ शासक राव किशोर सिंह के शासनकाल में हुआ था उनके द्वारा दक्षिण भारत के मैसूर प्रांत से इस कला के कारीगरों को लाकर कोटा राज्य के कैथून गांव में चंद्रलोई नदी के तट पर बसाया गया था प्रारंभ में इसका उपयोग कोटा पाग के लिए किया जाता था व इस में सूती धागे का उपयोग होता था कालांतर में इसे और विशिष्टता और मजबूती प्रदान करने के लिए इसमें रेशम के धागे व जरी का उपयोग किया जाने लगा व पाग के साथ ही साड़ियों आदि का निर्माण भी प्रारंभ हुआ जिसने इस कला को विश्वविख्यात किया व विश्व स्तर पर एक पहचान दिलाई। प्रदर्शनी के साथी दर्शक यहां कारीगरों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को क्रय कर इस कला और कारीगरों को प्रोत्साहित भी कर सकेंगे।

ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पर आभार जताया

कोटा, (निसं)। कांग्रेस संगठन द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद लगातार नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। बुधवार को कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर एवं ललित शर्मा को कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में संगठन सर्वोपरि है शीर्ष नेतृत्व द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति से संगठन को बल मिलेगा वहीं उन्होंने नवनियुक्त दोनों ब्लॉक अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है दोनों ब्लॉक अध्यक्ष अपने राजनीतिक अनुभव एवं पार्टी की रीति नीति के अनुरूप निभाएगे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को संगठन द्वारा जन-जन तक पहुंचाने में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर बखूबी कार्य करेंगे। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष से कांग्रेस संगठन द्वारा चलाए जाने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान एवं अन्य संगठनात्मक अभियानों पर चर्चा की। बुधवार को नयापुरा सिविल लाइंस आवास पर कांग्रेस नेता अमित धारीवाल के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी और फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाईयां बांटी।

चाइनीज मांझे की होली जलाई

कोटा, (निसं)। भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र राही के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर चाइनीज मांझे की होली जलाई गई इस अवसर पर सभी लोगों ने चाइनीज मांझा जलाकर आक्रोश प्रकट किया भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र राही ने कहा चाइनीज मांझा कहने को तो कानूनी रूप से प्रतिबंधित है लेकिन वास्तविक रूप से आज भी घंटाघर रामपुरा शहर की प्रमुख दुकानों पर चाइनीस माझा धड़ल्ले से बिक रहा है जिससे शहर के हजारों पक्षी शिकार हो रहे हैं वह कई आदमी घायल होकर अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं कई मनुष्यों को जान का खतरा बना हुआ है प्रशासन को सिर्फ दिखावे आदेश के बजाय वास्तविक रूप से कार्रवाई करते हुए चाइनीस मंजे की बिक्री व भंडारण को पूर्णतया बंद करवाना चाहिए इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता डॉक्टर एलएन शर्मा भाजपा जिला मंत्री रेखा खेलवाल भाजपा आईटी सेल के प्रदेश पदाधिकारी भुवनेश महावर वीरेंद्र भाणावत हिमांशु सैनी सुरेश सुवालका अनीता शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

श्री गौकृपा कथा 27 जनवरी से

कोटा, (निसं)। शहर में भक्ति संगीत की बयार में अब गौकृपा और संस्कारों के लिए व्याख्यान होंगे। श्री गिरिराज गौ सेवा संघ की ओर से दिव्यश्री गौकृपा कथा 27 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। इसके पोस्टर का विमोचन मंगलवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर आयोजन से जुड़े मुकेश मंत्री, लोकेश मित्तल, अनिल माहेश्वरी, गिरिराज, लोकेश शर्मा, अनिल गुप्ता मौजूद रहे। आयोजन समिति से जुड़े मुकेश मंत्री ने बताया कि कथा सनातन धर्म मंदिर, शास्त्री नगर दादाबाड़ी पर होगी। यहां दोपहर 2 से 5 बजे तक नियमित कथा साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती दीदी द्वारा की जाएगी। कलश यात्रा 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे सनातन धर्म मंदिर, शास्त्री नगर दादाबाड़ी से होगी। साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती जयश्री गौमाता गुरुकुलम चित्तौड़ से आ रही है।

जरूरतमंद बच्चों को ऊनी कपडे बांटे

कोटा, (निसं)। परमार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में समिति के सदस्यों ने नयाकोटा के कच्ची बस्ती में जाकर गुप्त पुर्ण्याजक के सहयोग से ढाई दर्जन जरूरतमंद बच्चों को उनी जर्सी व जरीकन व टोपे प्रदान कर ठण्ड से राहत प्रदान की गई। बच्चे उनी कपडे पाकर बड़े ही उत्साहित व प्रसन्न नजर आ रहे थे। पाने वालों की बस्ती में काफी भीड़ एकत्रित हो गई, लेकिन समिति ने जरूरत वाले बच्चों को ही यह सेवा प्रदान की गई है। गुप्ता ने आगे बताया कि यह सेवा हमारी समिति के द्वारा लगातार की जा रही परमार्थ सेवा को देखकर सेवा प्रदान की गई। यह जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक पी.पी.गुप्ता ने दी। इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक पी.पी.गुप्ता, अध्यक्ष रेणु गौड़, सचिव उर्मिला व्यास, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, सदस्य विमल शर्मा, एस.के.ओझा उपस्थित रहे।

रोटरी पद्मिनी ने ब्लैंकेट्स दान किए

कोटा, (निसं)। रोटरी पद्मनी द्वारा ठंड से बचाव के लिए तेजस्वनी बालिका गृह में कम्बल भेंट किए गए। क्लब अध्यक्ष गुरप्रीत आनन्द ने बताया कि तेजस्विनी बालिका गृह रंगबाड़ी में बुधवार 11 जनवरी को बालिकाओं के लिए 30 कम्बल भेंट किए गए। इस अवसर पर बालिका गृह की सचिव मृदुला औदिच्य एवं केयरटेकर प्रभाजी मौजूद रही। क्लब सचिव शिल्पा माहेश्वरी ने बताया कि बालिकाओं ने हर्ष के साथ कम्बल प्राप्त किया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। तेजस्विनी बालिका गृह समाज गृह में समाज व परिवार से पीड़ित बालिकाएं रहती है इनके सहयोग के लिए क्लब कई बार हाथ बढ़ाता है।

सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना प्रत्येक नागरिक को अवश्य करनी चाहिऐं इससे संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है। नियमों की पालना को बोझ के रूप में नहीं लेकर बचपन से ही विद्यार्थियों को इसके प्रति संवेदनशील बनाना होगा।

जिला कलेक्टर बुधवार को 32 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ के अवसर पर मल्टीपरपज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर में सडक दुर्घटनाओं में 20 से 45 आयु वर्ग के नागरिकों की संख्या अधिक होती है। ऐसे में विद्यार्थी जीवन में ही यदि सडक सुरक्षा के नियमों की पालना को अपनाने के लिए संवेदनशील किया जाये तो जीवनभर उसका प्रभाव रहता है। उन्होंने कहा कि 'सावधानी हटी दुर्घटना घटी' इसको जीवन में आत्मसात कर लिया जाये तो निश्चित रूप से बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय दो पहिया वाहन में हैलमेट एवं चौपहिया वाहन में सीट बैल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। इनका उपयोग चालान के भय से नहीं बल्कि जीवन रक्षा के लिए किया जाये, नागरिकों में यह संदेश जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों में जागरूकता के कार्यक्रम वर्षभर आयोजित करने के लिए सामाजिक संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर उपचार की सुविधा मिलने से जीवन को बचाया जा सकता है, किसी भी घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे नागरिकों को प्रोत्साहन के रूप में 5 हजार रूपये की राशि भी दी जाती है तथा निजी अस्पताल भी इलाज के लिए मना नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ बताते हुए कहा कि इसके पंजीयन के लिए सभी परिवारों को प्रेरित करें जिससे आकस्मिक घटना के समय स्वास्थ्य की चिंता से मुक्ति मिल सके। उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों को समय-समय पर चम्बल गार्डन स्थित ट्रैफिक पार्क का भ्रमण करवाकर सड़क सुरक्षा के प्रतीक चिन्हों की जानकारी देने का सुझाव दिया। उपाधीक्षक यातायात पुलिस कालूराम ने कहा कि यातायात नियमों की पालना ही सड़क सुरक्षा का मूल आधार है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि जीवन को अमूल्य मानकर नियमों की पालना करें।

उन्होंने सड़क दुर्घटना के कारण एवं उनसे बचने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि परिवार के सभी सदस्य यह ठान लें कि घर से निकलते ही वाहन में हो या पैदल यातायात नियमों की पालना करेंगे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बी.एस. साहू ने यातायात सप्ताह के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

समारोह में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कला जत्था के कलाकारों द्वारा हैलमेट की महत्ता का सजीव प्रदर्शन कर यातायात नियमों की पालना का संदेश दिया।

अतिथियों द्वारा गुब्बारे छोड़कर सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, अति. जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मीणा, प्रचार्य डॉ. राहुल शर्मा, पुलिस निरीक्षक यातायात कलावती चौधरी, लायंस क्लब के अध्यक्ष नोर्थ वरूण रस्वेट, नितिन भंडारी, बस ऑपरेटर यूनियन के अशोक चांदना सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कोटा जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ किया है।

■ नियमों की पालना से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है : जिला कलेक्टर

गहलोत सरकार ने युवा बेरोज़गारों के साथ छलावा किया

कोटा, (निसं)। राकेश नायक द्वारा आमरण अनशन पर बैठने का समर्थन आज कलेक्ट्री पर पहुंच कर पूर्व प्रदेश मंत्री व वर्तमान झालावाड़ प्रभारी छगन माहुर ने किया उन्होंने राकेश नायक को समर्थन देते हुए कहा की गहलोत सरकार ने बेरोजगार युवाओं के साथ छलावा किया है, बेरोजगारी के नाम पर इन्होंने जिस हिसाब से परीक्षाओ में पारदर्शिता नहीं बरती वो निंदनीय विषय है।

युवाओं के साथ गहलोत सरकार ने छलावा किया उन्होंने गहलोत सरकार आड़े हाथों लेते हुए कहा की चार साल के अंदर सबसे ज्यादा ठगी युवा बेरोजगारों के साथ की है, हर परीक्षा के अंदर पेपर लीक होना ये दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति रही। सरकार की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए माहुर ने कहा की आने वाले समय बेरोज़गार युवा गहलोत सरकार को उखाड़ फेंक देंगे क्योंकि जिस हिसाब से परीक्षा देने से पूर्व ही कड़ी निगरानी की बावजूद पेपर लीक हो रहे है यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, परीक्षा के नाम पर छात्रों के साथ छलावा हो रहा है, कड़ी ठंड में केंद्र पर दो घंटे पहले बुलाया जाता है समय अवधि से भरी सर्दी में कपड़े उतरवाऐं जातें है, गरीबों का किसान मजदूर का बालक कही से अपनी पढ़ाई की व्यवस्था करते हुए पड़ता है उसके बाद अंत में जब परीक्षा देने पहुंचता है तो पता लगता है पेपर लीक हो गया।

जेसीआई कोटा किंग्स ने 25 स्कूली बच्चों को गोद लिया

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा किंग्स की ओर से ईयर लोंग प्रोजेक्ट शिक्षा एक कदम शिक्षा की ओर के पोस्टर का विमोचन एक समारोह के दौरान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार व एडिशनल एसपी पारस जैन व एडिशनल एसपी प्रवीणजी जैन थे, जबकि विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष नम्रता जोशी, की-नोट स्पीकर गौरव माहेश्वरी एवं अक्षय कौशिक थे। कार्यक्रम में इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत रंगबाड़ी स्थित गवर्नमेंट स्कूल के 25 छात्रों को गोद लिया गया है, जिनके अध्यापन का खर्च जेसीआई कोटा किंग्स चौप्टर की ओर से उठाया जाएगा।

जेसीआई कोटा किंग्स के अध्यक्ष मिथुन मित्तल ने बताया कि उन्होंने इसके अलावा जेसीआई इंडिया फाउंडेशन को एक लाख रुपए की राशि भेंट की, जिसमें जरुरतमंद बच्चों को 10 साल तक उनकी संपूर्ण शिक्षा का खर्च जेसीआई इंडिया द्वारा वहन किया जाएगा।

भारत विकास परिषद माधव शाखा द्वारा स्वेटर वितरण का कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद माधव शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापाड़ा गांवड़ी में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए, भारत विकास परिषद शाखा के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वेटर वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक थे।

अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल वर्मा ने की एवं विशिष्ट अतिथि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अशोक शर्मा थे इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष किशन पाठक ने कहा कि आज आवश्यकता ऐसे विद्यालयों में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने की है जिनको वास्तव में सेवा कार्यों की आवश्यकता है आज आधुनिक युग में जहां निजी क्षेत्रों में विद्यालयों के विद्यार्थियों को सभी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं वही सरकारी विद्यालयों में आज भी विद्यार्थियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है किंतु आज जिस प्रकार सामाजिक संस्थाओं एवं भामाशाहों द्वारा राजकीय विद्यालयों में भी सेवा कार्य कर इन विद्यार्थियों की सहायता की जा रही है वह सराहनीय है, प्रशंसनीय है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपनाने का विद्यार्थियों को आह्वान किया उनके विचार आज भी प्रासंगिक है और विवेकानंद जयंती सेवा सप्ताह के कार्यक्रमों के माध्यम से विवेकानंद जी के संदेश को सभी वर्गों तक पहुंचे ऐसा हमारा प्रयास हो, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल वर्मा ने अपने संबोधन में माधव शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि आज ऐसी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से सेवा के विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं जहां सरकार के प्रयासों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं सरकारी विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है, माधव शाखा अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बताया की शाखा के माध्यम से विद्यालय के पांचवी कक्षा तक के 150 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए आगे भी आवश्यकता पड़ने पर शाखा द्वारा सेवा कार्य किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्य लाड़ गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया शाला के विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम् गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा हुआ इस अवसर पर माधव शाखा के सचिव चंद्रप्रकाश नागर, कोषाध्यक्ष एसपी गर्ग, उपाध्यक्ष केसी गुप्ता, सुधीर सक्सेना, मुकेश गुप्ता, विनोद शर्मा, गजेंद्र चौरसिया, ओम प्रकाश गुप्ता, सहित विद्यालय के शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहा।

चाइनीज मांझा नहीं बेचने की अपील

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में लगातार चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं और मकर सक्रांति पर आमजन को व पक्षियों को बचाने के लिए चाइनीज मांझे की रोकथाम के लिए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से गांधीवादी तरीके से अपील की। आरती जनार्दन ने बताया कि कोटा में चाइनीस मांझा पर प्रतिबंध होने के बावजूद आए दिन हादसे हो रहे हैं, चोटिल हो रहे हैं। बाइक पर चलने वाले शहरी एवं पशु पक्षी भी घायल हो रहे हैं। इस गंभीरता को देखते हुए आम आदमी पार्टी की महिला नेत्री के नेतृत्व में आप पार्टी समर्थकों ने गांधीवादी तरीके से सभी दुकानदारों से अपील की गई कि वह चाइनीज मांझा ना बेचे। यदि कोई चाइनीज मांझा की डिमांड करता है तो उन्हें भी इसके घातक परिणामों से अवगत कराएं।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश No -2 स्थान गंगापुरसिटी
भगवान सहाय विरूद्ध आशा वगैरह
वाद बाबत घोषित किये जाने गोद पुत्र एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 222/सन् 2021
बनाम श्रीमती आशा पत्नि स्व. मुकेश चंद जाति ब्राह्मण स्थान C/o वेद प्रकाश मिश्रा नटराज टाकीज के सामने, केन्द्रीय स्कूल के पास, कोटा मो. 8764232845
वादी ने आपके विरुद्ध नकल साथ के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 14 माह 02 सन् 2023 को दिन में 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 05 माह 01 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से-रीडर
मोहर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सं.2
गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर (राज.)

पतंग उड़ाने के दौरान विद्युत सुरक्षा का ध्यान रखें

कोटा, (निसं)। शहर में मकर संक्रांति का त्यौहार 15 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन रविवार होने से हर कोई एतमिनान से इस पर्व का आनंद लेंगे।

हर तरफ ये काटा...., वो काटा.....का शोर होगा, अलग-अलग रंग की पतंगों से आकाश सतरंगी आभा बिखेरेगा, लोग छतों पर डीजे व लाउड स्पीकरों पर बजते गानों के बीच लजीज व्यजंनों का आनंद भी उठाएंगे। आखिर ऐसा हो भी क्यों नहीं, मकर संक्रांति खुशी, उमंग व उत्साह का त्यौहार जो है। इस त्यौहार पर ऐसी ही खुशियां बिखरी रहे, इसके लिए पतंग उड़ाने के दौरान विद्युत सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। पतंग उड़ाने के दौरान जरा सी गलती लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। बिजली कंपनी केईडीएल के सीओओ शांतनु भट्टाचार्य ने बताया कि पतंग उड़ाने के दौरान विद्युत लाइनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। यदि कोई पतंग विद्युत लाइन में फंस जाए तो उसे हटाने का बिल्कुल भी प्रयास नहीं करें। लोहे अथवा एल्युमिनियम के पाइप, सरिए, गीली लकड़ी आदि को इन विद्युत लाइनों से दूर रखें। अभिभावक अपने बच्चों पर उनके पतंग उड़ाने के दौरान पूरी नजर बनाएं रखें। पतंग लूटने के दौरान भी बच्चों पर पूरा ध्यान रखें, ताकि वे विद्युत लाइनों पर उलझी पतंगों को उतारने का प्रयास नहीं करें। इसके साथ ही पतंग उड़ाने के लिए मैटेलिक तार (चाइनीज मांझा) का उपयोग नहीं करें। चाइनीज मांझे में विद्युत सुचालक मैटल का इस्तेमाल होने से उसके विद्युत लाइन के तारों के संपर्क में आने से करंट प्रवाहित होने की आशंका रहती है।

पतंग उडाने के दौरान विद्युत खतरे से सावधान रहे और सुरक्षित रहें। शहर में इन दिनों मौसम में आए बदलाव के कारण कोहरा व ओस गिर रही है। पतंगों को उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मांझे पतंग कटने पर बिजली के तारों में उलझ जाते हैं।

फ्लावर शो की तैयारियों की समीक्षा

कोटा, (निसं)। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले चम्बल बॉयोडायवर्सिटी के तहत फ्लावर शो की तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को संभागीय आयुक्त अनुराग भार्गव की अध्यक्षता में सीएडी सभागार में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त ने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले फ्लावर शो इस बार कोटा महोत्सव के साथ आयोजित होगा। इसमें सभी विभाग अपने उत्तदायित्वों का समय पर निर्वहन करें एवं सभी संस्थाएं सक्रियता से भागीदारी निभाएं। उन्होंने होटल एसोसिएशन, व्यापारिक संगठनों को पर्यटकों को लाने में भूमिका निभाने तथा कोचिंग संस्थाओं के विद्यार्थियों को लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किशोर सागर की पाल पर आयोजित होने वाले 3 दिवसीय फ्लावर शो एवं पुष्प प्रदर्शनी में प्रतिवर्ष की भांति सभी प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा ने कोटा महोत्सव की तैयारियों एवं थीम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि फ्लावर शो में भी सभी विभाग सक्रियता से भाग लेंगे। उद्यान निरीक्षक अम्बरीश शर्मा ने प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले फ्लावर शो एवं पुष्प प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त क्षेत्रीय विकास आयुक्त नरेश मालव, संयुक्त निदेशक साख्यिकी सीएडी आरएन मालव, पर्यटन अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, रोज सोसायटी के दिनेश शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, कोचिंग संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 3959 जाहिर आम सूचना दिनांक - 11.1.2023
आवास संख्या 1-न-8 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री मुकुन्दलाल शर्मा को किया गया था। उक्त आवास का पंजीयन दिनांक 11.07.1991 को श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री मुकुन्दलाल शर्मा द्वारा उप पंजीयक कोटा कार्यालय में अपने नाम करवाया गया। श्री शिव कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 21.03.2021 को हो जाने के पश्चात उक्त आवास का हस्तान्तरण वसीयत के आधार पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री शिव कुमार शर्मा द्वारा अपने नाम किए जाने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 02.01.2023 को आवेदन किया गया है। उक्त आवास का हस्तान्तरण वसीयत के आधार पर श्रीमती प्रमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री शिव कुमार शर्मा के नाम हस्तान्तरण किए जाने में किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तान्तरण वसीयत के आधार पर मृत्यु प्रकरण का निस्तारण करते हुए श्रीमती प्रमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री शिव कुमार शर्मा नाम पर किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तान्तरण श्रीमती प्रमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री शिव कुमार शर्मा नामदर्ज कर दिया जावेगा।
उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 3969 जाहिर आम सूचना दिनांक -11.01.2023
सुश्री विद्या शर्मा पुत्री श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा वर्ष 1992 में बारां शहर हेतु पंजीकरण करवाया गया था। उक्त पंजीकरण कार्यालय आदेश क्रमांक 7096 दिनांक 24.02.2004 को कोटा शहर में आवास हेतु पंजीकरण स्थानांतरित किया गया। आवास संख्या 1/270 गणेश तालाब कोटा का आवंटन मंडल द्वारा सुश्री विद्या शर्मा पुत्री श्री मोहनलाल शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन सुश्री विद्या शर्मा पुत्री श्री मोहन लाल शर्मा के नाम दिनांक 07.06.2010 को किया गया। पंजीयन उपरांत सुश्री विद्या शर्मा पुत्री श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 27.01.2012 को श्रीमती मनीषा अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल को मुख्तारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्रीमती मनीषा अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 23.04.2012 को श्रीमती गिरिजा राठोड़ पत्नी स्व. श्री भागीरथ सिंह को किया गया। श्रीमती गिरिजा राठोड़ पत्नी स्व. श्री भागीरथ सिंह का नाम दिनांक 26.04.2013 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है। तत्पश्चात श्रीमती गिरिजा राठोड़ पत्नी स्व. श्री भागीरथ सिंह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.10.2013 को श्री सुरेश कुमार कावरा पुत्र श्री नाथूलाल कावरा को किया गया। श्री सुरेश कुमार कावरा पुत्र श्री नाथूलाल कावरा का नाम दिनांक 31.12.2013 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है। तत्पश्चात श्री सुरेश कुमार कावरा पुत्र श्री नाथूलाल कावरा द्वारा उक्त आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 10.07.2020 को अपनी पत्नी श्रीमती राज कुमारी कावरा पत्नी श्री सुरेश कुमार कावरा को किया गया। श्रीमती राज कुमारी कावरा पत्नी श्री सुरेश कुमार कावरा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दान पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दान पत्र के आधार पर श्रीमती राज कुमारी कावरा पत्नी श्री सुरेश कुमार कावरा के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दान पत्र के आधार पर श्रीमती राज कुमारी कावरा पत्नी श्री सुरेश कुमार कावरा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दान पत्र के आधार पर श्रीमती राज कुमारी कावरा पत्नी श्री सुरेश कुमार कावरा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

एलन पीएनसीएफ की शिल्पी कुंदू को इंस्पायर अवार्ड

कोटा, (निसं)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से इंस्पायर अवॉर्ड स्कीम सत्र 2022-23 के लिए जारी सूची में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, कोटा के प्री नर्चर कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) की कक्षा 9 की छात्रा शिल्पी कुंदू का चयन हुआ है। एलन वाईस प्रेसिडेंट व पीएनसीएफ हैड अमित गुप्ता ने बताया कि शिल्पी ने कारखानों से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग के निवारण विषय पर मॉडल बनाया था। इंस्पायर मानक अवॉर्ड योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। विज्ञान आधारित मॉडल का निर्माण नए वैज्ञानिक विचारों को विकसित करने के साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है कि वे मानव जीवन को वैज्ञानिक सोच एवं नियमों की सहायता से सरल बना सकें। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली की ओर से चयनित विद्यार्थियों को दस-दस हजार रूपए की अवॉर्ड राशि दी जाएगी। इस अवार्ड राशि का उद्देश्य, चयनित विद्यार्थियो को आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, जिसके उपयोग द्वारा वे अपने मॉडल को उन्नत, उत्कृष्ट एवं चलित अवस्था में अगले में चरण जिला स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी में प्रदर्शित कर सकें। एलन कोटा की टीम ने चयनित विद्यार्थी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आवारा मवेशियों को शहर से हटाने का सघन अभियान शुरू

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश के बाद कोटा नगर विकास न्यास और नगर निगम की ओर से आवारा मवेशियों को शहर से हटाने एवं अवैध बाडे संचालित करने वालों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत विशेष टीमों का गठन कर शहर के हर क्षेत्र में सड़क पर मिलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़कर टीम गौशाला में शिफ्ट कर रही है।

■ मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर न्यास और निगम का संयुक्त अभियान

अभियान के तहत बुधवार को भी सुबह 8.00 बजे से ही निगम और न्यास की तैनात की गई संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर आवारा मवेशियों को पकड़ा एवं जहां भी अवैध बाड़े संचालित किए जा रहे थे उनके खिलाफ कार्रवाई की। न्यास उप सचिव ताहिर मोहम्मद ने बताया कि नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर निगम की ओर से काऊकेचर के साथ कर्मचारियों की टीम एवं न्यास के अधिकारियो की टीम और पुलिस जाब्ता अभियान में शामिल है।

कोटा में अभियान चलाकर सड़कों से आवारा मवेशी हटाए जा रहे हैं।

अभियान के तहत न्यास और निगम की संयुक्त टीमें लगातार आवारा मवेशियों को पकड़ रही है न्यास उप सचिव ताहिर मोहम्मद ने बताया कि बुधवार को दशहरा मैदान, किशोरपुरा, थर्मल चौराहा, गोदावरी धाम क्षेत्र एवं सुभाष नगर इलाके में टीमों ने कार्रवाई करते हुए 60 मवेशियों को पकड़ कर 6 ट्रोलो की मदद से किशोरपुरा गौशाला शिफ्ट किया वही सुभाष नगर क्षेत्र में 3 अवैध बाड़ों को भी हटाकर संचालन करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई की।

मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश के बाद कोटा में आवारा मवेशियों को हटाने के लिए निगम एवं नगर विकास न्यास की 100 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारियों की टीम अभियान के तहत कार्रवाई कर रही है यह अभियान लगातार जारी रहेगा। टीमों को रात्रि में भी अभियान को चलाने के निर्देश दिए गए है।

नगर विकास न्यास के ओएसडी आरडी मीणा ने बताया कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर पशुपालकों के लिए नगर विकास न्यास द्वारा देश की अनूठी योजना विकसित की गई है जहां बड़ी संख्या में पशुपालक भी अपने पशुओं के साथ शिफ्ट हो गए हैं योजना के तहत आवंटी पशुपालक जो अब तक योजना में शिफ्ट नहीं हुए हैं उनका आवंटन निरस्त कर पशुओं को जप्त करके कार्रवाई की जायेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक 3934 जाहिर आम सूचना दिनांक - 9.1.2023
आवास संख्या 1-डी-25 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री तेजराज सिंह राजावत पुत्र श्री अमर सिंह राजावत को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री तेजराज सिंह राजावत पुत्र श्री अमर सिंह राजावत के नाम दिनांक 21.08.2002 को किया गया। श्री तेजराज सिंह राजावत पुत्र श्री अमर सिंह राजावत की मृत्यु दिनांक 29.04.2005 को व इनकी पत्नी श्रीमती यशवन्त कँवर पत्नी श्री तेजराज सिंह राजावत की मृत्यु दिनांक 11.01.2001 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु हो जाने के उपरान्त इनके समस्त वारिसानों श्री जयराज सिंह पुत्र स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत व श्रीमती प्रियंका पुत्री स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत पत्नी श्री राजसिंह चौहान द्वारा उक्त आवास में निहित अपने हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 15.09.2011 को हमारे भाई श्री रविराज सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत के पक्ष में किया गया। इसी प्रकार श्रीमती मूल कंवर पत्नी श्री अमर सिंह राजावत द्वारा उक्त आवास में निहित अपने हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 07.10.2011 को अपने पोत्र श्री रविराज सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत के पक्ष में किया गया। श्री रविराज सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत का नाम दिनांक 22.11.2011 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री रविराज सिंह राजावत पुत्र स्व. श्री तेजराज सिंह राजावत द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 29.11.2011 को श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा को किया गया। श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र श्री किशन लाल वर्मा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राष्ट्रीय आयुर्वेदी विद्यापीठ
(नेशनल एकेडमी ऑफ आयुर्वेद)
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वयात्त संगठन)
धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या-66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली-110 026
दूरभाष संख्या-011-25228548 एवं 25229753 ई-मेल-gsp-ravdl@gov.in

प्रवेश सूचना 2022-23
राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली एक वर्षीय "राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम" में प्रवेश हेतु **दिनांक 05 फरवरी, 2023 (रविवार) को नई दिल्ली, पुणे, जयपुर, बेंगलूरू, वाराणसी तथा त्रिशूर में**, उन योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सकों के लिए **लिखित परीक्षा** आयोजित कर रहा है, जिन्होंने बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेदाचार्य)/एम.डी.(आयुर्वेद)/एम.एस.(आयुर्वेद) की उपाधि किसी भी ऐसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अर्जित की हो, जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (आईएमसीसी) अधिनियम 1970 के तहत मान्यता प्राप्त हो। इच्छुक आवेदक पात्रता, विषय, आवेदकपत्र के निर्धारित प्रारूप, पाठ्यक्रम-विवरणिका और अन्य जानकारी हेतु इस विद्यापीठ की वेबसाइट www.ravdelhi.nic.in को देखें और विधिवत भरे हुए आवेदन-पत्र को **केवल डाक के माध्यम से उपरोक्त पते पर 25 जनवरी, 2023 तक या इससे पूर्व** भेजना होगा।
CBC 17212/12/0002/2223
निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ